राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राज0 जयपुर

राजस्थान नगर पालिका (प्रशासनिक एवं तकनिकी) व (अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा चयन आयोग
जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास सी–स्कीम जयपुर 302013

क्रमांक प.10 (छ) (6)/ म.आ./ATP/Sr.Dr./ DLB/2021/ 2027 दिनांक : 27-08-2021

विज्ञप्ति

राजस्थान नगरपालिका (प्रशासनिक एवं तकनीकी) सेवा नियम, 1963 एवं राजस्थान नगरपालिका (अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा नियम 1963 के प्रावधानों के अन्तर्गत राज्य की नगर निकायों के लिये सहायक नगर नियोजक के 49 रिक्त पदों एवं वरिष्ठ प्रारूपकार के 79 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु प्रतियोगी परीक्षा 2021 के लिये इच्छुक, निर्धारित योग्यताधारी अभ्यर्थियों से दिनांक 25.08.2021 तक ऑन लाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये गये थे, इन पदों की परीक्षा सितम्बर माह के द्वितीय सप्ताह में कराया जाना विज्ञप्ति 01/2021 में अंकित किया गया था। इसी क्रम में सहायक नगर नियोजक एवं वरिष्ठ प्रारूपकार की परीक्षा **जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों** पर निम्न तालिका में अंकित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जावेंगी:–

क्र.सं.	पद का नाम	परीक्षा दिनांक	परीक्षा समय
1	**सहायक नगर नियोजक**	11.09.2021	**2.00 hr (10A.M.to 12.00 Noon)**
2	**वरिष्ठ प्रारूपकार**	11.09.2021	**2.00 hr (02P.M.to 04.00 P.M.)**

अतः उपरोक्त परीक्षा के अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है कि :–

1. आवेदक यह सुनिश्चित कर ले कि वे आयोग कार्यालय की उक्त विज्ञप्तियों के अनुसार निर्धारित पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता रखता है।
2. उक्त परीक्षा के लिये **'प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र' आयोग की वेबसाईट http://lsg.onlinerecruit.in/ से डाउनलोड करने की दिनांक के लिये अलग से यथा समय सूचित कर दिया जावेगा।** आयोग द्वारा परीक्षार्थियों को अलग से प्रवेश–पत्र प्रेषित नहीं किये जाएगे।
3. परीक्षाओं के संबंध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें। आयोग द्वारा राज्य स्तरीय समाचार पत्रों में एवं आयोग की वेबसाईट http://lsg.onlinerecruit.in/ पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गयी जानकारी को ही अधिकृत माना जावे।
4. नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिये आयोग की वेबसाईट http://lsg.onlinerecruit.in/ का नियमित रूप से अवलोकन करे।

कविता चौधरी

(कविता चौधरी)
सचिव सेवा चयन आयोग